मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 ■ संयुक्तांक - 09-10 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 28 नवंबर से 4 दिसंबर 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये


# १० ट्रेड यूनियनों ने किया बहिष्कार!

## बजट मीटिंग में नहीं होंगी शामिल

**मुंबई,** मोदी सरकार अगले बजट की तैयारी में जुट गई है। इसके तहत रोज तमाम तरह की मीटिंग्स हो रही हैं, जिसमें देश के विभिन्न कारोबार व पेशे से जुड़े लोगों को शामिल किया जा रहा है। ये मीटिंग वचुर्अल हो रही है। हाल ही में उद्योगपतियों और किसानों के साथ हुई मीटिंग की खबरें आई हैं। अब सरकार देश के प्रमुख ट्रेड यूनियनों के साथ आज बैठक करनेवाली है। मगर देश के प्रमुख १० ट्रेड यूनियनों ने इस बजट बैठक का बहिष्कार कर दिया है।




मिली जानकारी के अनुसार ट्रेड यूनियनों ने वित्तमंत्री को लिखे पत्र में प्री-बजट मीटिंग को मजाक बताते हुए कह दिया है कि वे वीडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं होंगे। १० सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त तौर पर प्री-बजट मीटिंग का बहिष्कार कर दिया है। सभी ट्रेड यूनियनों का कहना है कि प्री-बजट मीटिंग को मजाक बनाकर रख दिया गया है। ये बातें सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को कल पत्र लिखकर कही हैं।

इन सभी १० सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि प्री-बजट मीटिंग एक मजाक है। हम सभी २८ नवंबर, २०२२ को वित्त मंत्री सीतारमण के साथ वर्चुअल प्री-बजट परामर्श बैठक का बहिष्कार कर रहे हैं। यूनियन ने इस बैठक में बोलने के लिए उचित समय के साथ फिजिकल मीटिंग यानी आमने-सामने बैठक कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ३ मिनट प्रत्येक यूनियन को समय मिलेगा, ये एक मजाक है। आखिर ३ मिनट में आप क्या सुनना चाहते हैं? हम इसका हिस्सा बनने से इनकार करते हैं। कोरोना खत्म हो गया, तो आमने-सामने बात क्यों नहीं? मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इन ट्रेड यूनियनों ने पत्र में कहा है कि अब देशभर से कोरोना वायरस खत्म हो गया है। तो आमने-सामने बैठकर बात क्यों नहीं हो सकती है? इस बैठक के वर्चुअल मोड के आयोजन से भी निराशा है और केवल ७५ मिनट में १२ से अधिक ट्रेड यूनियनों को अपनी बात रखनी है। इन्हीं बातों को लेकर बजट २०२३-२४ की १० ट्रेड यूनियनों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया है। वित्तमंत्री को ये पत्र भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू सहित टीयूसीसी, सेवा, एचएमएस, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, एआईयूटीयूसी, यूटीयूसी संगठनों की तरफ से लिखा गया है। आज २८ नवंबर, २०२२ को ट्रेड यूनियनों के साथ प्री-बजट बैठक सुबह ११ बजे से १२.१५ बजे तक के लिए बुलाई गई है।


## कदम कदम पर कैलेण्डर 2023



### विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा
मो.:09819862172
प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा
मो.:09833329721
नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.
Email : kadamkadampar1@gmail.com

**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397


## रेल मंत्री ने कहा-

# पुष्कर को शीघ्र ही मेड़ता रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाएगा - अश्वनी वैष्णव

**पुष्कर (हरिप्रसाद शर्मा)** अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर तीर्थ नगरी में मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन कर पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना की । पुष्कर पहुंचने पर सांसद भागीरथ चौधरी ,पुष्कर नगर अध्यक्ष कमल पाठक सहित कई भाजपा कार्यकताओं ने रेल मंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया। वैष्णव ने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन करने के बाद वह पैदल ही ब्रह्म घाट सरोवर की पूजा हेतु पहुंचे ।जहां पर उन्होंने पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना की । रेल मंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम दोपहर 12:00 पुष्कर पहुंचे ।पुष्कर पहुंचने पर ब्रह्मा मंदिर पर सांसद भागीरथ चौधरी ,पालिका अध्यक्ष कमल पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी सहित पार्षद रोहन बाकोलिया धर्मेंद्र नागौरा, मुकेश कुमावत ,कमल पाराशर उर्फ जैकी ,गुड्डू चौधरी ,अशोक पाराशर ,अंशुमन ,भाजपा महासचिव अरुण वैष्णव सहित कई भाजपा कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया ।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष कमल पाठक व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पाराशर ने रेल मंत्री से पुष्कर को शीघ्र मेड़ता रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग की । जिस पर उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाते हुए, आश्वासन दिया । इसके बाद उन्होंने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए तथा ब्रह्मा जी की आरती उतारी ।ब्रह्मा मंदिर के पुजारी कृष्णगोपाल वशिष्ठ ने उनका माला पहनाकर ,दुप्टा व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं ब्रह्मा जी की चित्र भेंट की । बाद में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव पैदल ही ब्रह्म घाट पहुंचे ।




इस दौरान उन्होंने पुष्कर आने वाले यात्रीयो और दुकानदारों के साथ मुलाकात की । साथ ही उन्होंने पुष्कर आने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों के साथ मोबाइल फोन पर उनके साथ सेल्फी भी खिंचाई ।वैष्णव ब्रह्म घाट पहुंचने पर उनको उनके पुश्तैनी पुरोहित दामोदर शर्मा ,राजीव शर्मा ने माला पहनाकर स्वागत किया ।संजय पाराशर ने उनको पवित्र सरोवर की पूजा-अर्चना कराई और इस दौरान उन्हें दक्षिणा में पुष्कर को मेड़ता रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग की। इस दौरान रेल मंत्री की व्यवस्था में एसडीएम सुखाराम पिंडेल , सीओ ग्रामीण इस्लाम खान ,सीआई डॉ रवीश सामरिया ,तहसीलदार संदीप कुमार चौधरी सहित कई आला प्रशासनिक अधिकारी और रेलवे के अधिकारी भी मौजूद थे रेलमंत्री वैष्णव बाद में कबीर मंदिर में जाकर भी दर्शन किए। जहां पर प्रीतमदास ने स्वागत किया । उन्होंने कहा कि

*पुष्कर को शीघ्र मेड़ता रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाएगा । जिसके लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे उन्होंने माना कि पुष्कर से आगे रेल मार्ग जोधपुर व बीकानेर से सीधे जुड़ जाने से यात्रियों को काफी सुविधा मिल सकेगी।रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यह भी कहा कि पुष्कर को शीघ्र मेड़ता रेलवे लाइन से जोड़ने का सर्वे का कार्य करीब करीब पूरा हो चुका है तथा करीबन काफी कार्य पूर्ण भी हो चुका है । उन्होंने कहा कि मैं शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल कर इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर शेष कार्य को पूर्ण करवा दिया जाएगा । इसके लिए सांसद भागीरथ चौधरी, पालिकाध्यक्ष कमल पाठक ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया ।

# देश में 'एफडीआई' के इनफ्लो में कमी

**मुंबई,** किसी भी देश की अर्थव्यवस्था तभी मजबूत मानी जाती है जब उस देश में मुद्रा का इनफ्लो अच्छा रहे। यानी देश के विभिन्न उद्यमों में विदेशी निवेशक पैसा लगाएं। हिंदुस्थान में भी विदेशी निवेशकों ने निवेश किया हुआ है। विदेश से आनेवाले इस निवेश को ह्यएफडीआईह्ल कहा जाता है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि देश में ह्यएफडीआईह्ल के इनफ्लो में कमी आई है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल देश में १४ फीसदी कम ह्यएफडीआईह्ल आई है।



गौरतलब है कि देश में बाहर से आनेवाले निवेश में गिरावट आई है। देश में ह्यएफडीआईह्ल इक्विटी इनफ्लो मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान १४ प्रतिशत घटकर २६.९ अरब डॉलर रहा। ह्यडिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेडह्ल के आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में ह्यएफडीआईह्ल इक्विटी इनफ्लो ३१.१५ अरब डॉलर था। कुल ह्यएफडीआईह्ल इनफ्लो भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में घटकर ३९ अरब डॉलर रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह ४२.८६ अरब डॉलर था। बता दें कि कुल ह्यएफडीआईह्ल में इक्विटी निवेश, कमाई को फिर से कारोबार में लगाना और अन्य पूंजी प्रवाह शामिल है। आंकड़ों के अनुसार इस छमाही में सिंगापुर १० अरब डॉलर के एफडीआई के साथ टॉप इन्वेस्टर रहा। उसके बाद मॉरीशस (३.३२ अरब डॉलर), संयुक्त अरब अमीरात (२.९५ अरब डॉलर), अमेरिका (२.६ अरब डॉलर), नीदरलैंड (१.७६ अरब डॉलर) और जापान (१.१८ अरब डॉलर) का स्थान रहा। कंप्यूटर और हॉर्डवेयर क्षेत्र ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सबसे ज्यादा ६.३ अरब का पूंजी प्रवाह आकर्षित किया। उसके बाद सेवा क्षेत्र (४.१६ अरब डॉलर), ट्रेडिंग (३.२८ अरब डॉलर), रसायन (१.३ अरब डॉलर), वाहन उद्योग (९३.२ करोड़ डॉलर) और निर्माण (बुनियादी ढांचा) गतिविधियों (९९ करोड़ डॉलर) का स्थान रहा।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जगतपिता ब्रह्मा के दर्शन करने के बाद पुजारी ब्रह्मा जी का चित्र भेंट करते हुए,साथ में पालिकाध्यक्ष कमल पाठक, सांसद भागीरथ चौधरी

## संपादकीय

# चुनाव प्रक्रिया में भरोसा कायम

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की साख के लिये जरूरी है कि चुनाव प्रक्रिया को अंजाम देने वाली संस्था सशक्त व स्वतंत्र हो। तभी आम व्यक्ति का चुनाव प्रक्रिया में भरोसा कायम रह सकता है। जरूरी है कि देश का निर्वाचन आयोग किसी राजनीतिक दल या सरकार के दबाव से मुक्त होकर नियम-कानून के अनुसार फैसले ले। अब चाहे कार्यपालिका के शीर्ष व्यक्ति का चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा मसला ही क्यों न हो। लेकिन हाल के दिनों में चुनाव आयुक्तों के चयन को लेकर कई विसंगतियां सामने आई हैं। मौजूदा सरकार ही नहीं बल्कि पिछली कई सरकारों के दौरान ढाई दशक की अवधि में कोई भी मुख्य चुनाव आयुक्त निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। पिछली सदी के अंतिम दशक में पूरे कार्यकाल में काम करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने अपने विजन से चुनाव प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन किये। बिना किसी राजनीतिक दबाव के चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाया। उनकी अनुशासित व सख्त कार्यशैली से राजनीतिक दल निरंकुश व्यवहार नहीं कर पाये। लेकिन उनके बाद शायद ही किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पूरा कार्यकाल मिला हो जिससे वे चुनाव सुधार की प्रक्रिया को मूर्त रूप दे पाते। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ को इस बाबत एक याचिका पर सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी। कोर्ट को कहना पड़ा कि संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया तय न करके यह कार्य संसद पर छोड़ा गया था, जिसका सरकारें अनुचित लाभ उठाती रही हैं। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की सुनवाई के दौरान नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये। साथ ही सरकार से इस चयन से जुड़ी फाइल पेश करने को कहा गया है। कोर्ट का कहना था कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इतना सशक्त होना चाहिए कि यदि किसी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकार के मुखिया के खिलाफ कोई शिकायत आये तो उस पर भी कार्रवाई की जा सके। दरअसल, शीर्ष अदालत की टिप्पणी से पहले भी इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष तक है, जो भी पहले पूरा होता हो। लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि सरकारों द्वारा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति इस तरह की जा रही है कि वे निर्धारित अधिकतम आयु सीमा आने के कारण अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते। हालांकि सरकारों को पता होता है कि नियुक्त किये गये व्यक्ति की जन्मतिथि क्या है। कहा जा सकता है कि सरकारों की मंशा रहती है कि कोई भी चुनाव आयुक्त अपना कार्यकाल पूरा न कर सके। जिसके चलते मुख्य चुनाव आयुक्त अपने विजन के अनुसार चुनाव व्यवस्था में सुधार को अंजाम नहीं दे पाते। उल्लेखनीय है कि लॉ कमीशन भी अपनी रिपोर्ट में कह चुका है कि मुख्य चुनाव आयुक्त सहित सभी चुनाव आयुक्तों का चयन तीन सदस्यीय चयन समिति की सिफारिशों के अनुरूप हो, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता तथा मुख्य न्यायाधीश शामिल हों।

# अभासम के उपाध्यक्ष रामजीत वर्मा की बेटी का ब्याह महेंद्र के साथ धूमधाम से संपन्न

**मुंबईः** 26 नवंबर को पूजा और महेंद्र दांपत्य सूत्र के बंधन में बंध गए, इस खुशनुमा पल के साक्षी आए हुए अतिथियों के साथ-साथ अखिल भारतीय सविता महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी भी बनी। यहां पर आपको बता दे श्री रामजीत वर्मा, भयंदर अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई उपाध्यक्ष की आत्मजा का शुभ विवाह व्यवसाय कांदिवली निवासी श्री सत्यदेव वर्मा के कुमार के साथ श्री लक्ष्मीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में सनातनी परंपरा,विधि विधान और पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ ।



अतिथियों की उपस्थिति में वैवाहिक शाम की समा बंध ही रही थी कि हम सभी के श्रद्धेय अभासम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जी पी शर्मा जी के नेतृत्व में पूरी टीम का कार्यक्रम में पूर्वरंग हुआ मानव कार्यक्रम में चार चांद लग गए। अपने व्यक्तित्व के अनुरूप प्रत्याशित भारतीय राजनीति का चमकता युवा चेहरा, सामाजिक कार्यकर्ता, हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रबंध संपादक श्रद्धेय श्री अनिल शर्मा जी सारी व्यवस्था का मुआयना कर, आए हुए अतिथियों से मुलाकातों का क्रम जारी रखा।

तत्पश्चात सभी ने स्टार्टर एवं अन्य व्यंजनों को खाकर उनके स्वाद का लुफ्त उठाया। फोटो सेशन में अखिल भारतीय सविता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा जी, महात्मा अनंत लाल शर्मा, श्री अनिल शर्मा, श्री नवनीश शर्मा, श्री अशोक शर्मा ने नव दंपत्ति को उनके वैवाहिक जीवन के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ अपना शुभाशीष प्रदान किया। मुंबई से बाहर होने के कारण प्रधान संपादक हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के श्रद्धेय श्री छोटेलाल शर्मा जी ने ऑनलाइन संदेश से अपना शुभाशीष प्रदान किया। विदा लेते हुए श्री अनिल शर्मा जी ने अपने मोबाइल कैमरे में इन खुशनुमा एवं यादगार पलों को कैद कर लिया जो जीवन भर हमें स्मरण के तौर पर याद रहेंगे।

# BMC इलेक्शन में शिवसेना होगा फायदा!

## आदित्य ने तेजस्वी को मुंबई आने का दिया न्योता



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गरमाया हैं। इस बीच बुधवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मुलाकात की है। शिवसेना ने कहा कि ये एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिसमें कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। शिव सेना के नेता आदित्य ठाकरे ने पार्टी के सांसद अनिल देसाई और प्रियंका चतुर्वेदी के साथ पटना में अपने दिन भर के दौरे के दौरान बिहार के नेताओं से मुलाकात की। आदित्य ठाकरे का बिहार दौरा आगामी मुंबई बीएमसी चुनाव को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि तेजस्वी यादव और मैं एक ही उम्र के हैं। हम तब से फोन पर बात कर रहे हैं जब मैं सरकार में था और वह विपक्ष में थे।

BMC इलेक्शन के लिए मुंबई जाएंगे तेजस्वी यादवः बता दें कि मुंबई बीएमसी चुनाव को देखते हुए इस शिष्टाचार मुलाकात ने सियासी गर्मी को और बढ़ा दिया, क्योंकि मुंबई में बिहारी वोटर्स की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आदित्य ठाकरे ने तेजस्वी यादव से महाराष्ट्र आने का न्यौता दिया तो वहीं मीडिया कर्मियों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि महाराष्ट्र में बीएमसी के चुनाव में भी हम सभी वहां जाएंगे।

बता दें कि अभी बीएमसी पर शिवसेना (उद्धव गुट) का कब्जा है और आगामी चुनाव में बिहारी मतदाताओं पर उसकी नजर है। बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि पिछली एमवीए सरकार के दौरान बिहार के लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई थी।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय निशानेबाजी : सिफ्ट कौर सामरा महिला थ्रीपी की विजेता बनी

**तिरुवनंतपुरम।** पंजाब की सिफ्ट कौर सामरा बुधवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्रीपी ) में राष्ट्रीय चैंपियन बनी।सिफ्ट ने खिताबी मुकाबले में राजस्थान की मानिनी कौशिक को 16-10 से हराया, जो एक दिन पहले क्वालीफाइंग स्पर्धा के बाद शीर्ष स्थान पर थी। ओडिशा की श्रीयंका सदांगी ने राइफल स्पर्धाओं के 65वें राष्ट्रीय आयोजन में कांस्य पदक जीता।सिफ्ट क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर थी लेकिन उन्होंने रैंकिंग दौर में 404.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। मानिनी 402.9 के साथ दूसरे, जबकि श्रीयंका 402.1 के साथ तीसरे स्थान पर रही।कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी अंजुम मोदगिल और मेहुली घोष क्रमशः 401.2 और 347.8 के स्कोर के साथ पांचवें और छठे स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश की आशी चौकसे ने जूनियर महिला थ्रीपी में स्वर्ण पदक जीता, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक मैच में तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोल को 17-9 से हराया। इस स्पर्धा में हरियाणा की निश्चल ने कांस्य जीता। सिफ्ट और आशी दोनों अपनी स्पर्धाओं में टीम खिताब जीतकर दोहरा स्वर्ण अपने नाम करने में सफल रही।

### पीसीबी टी20 विश्व कप और एशिया कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम को करेगा सम्मानित

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल एशिया कप और टी20 विश्व कप में उपविजेता रही बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के सदस्यों को इस्लामाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में गुरुवार को सम्मानित करेगा। इस समारोह के लिए पाकिस्तान टेस्ट टीम के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है, जिसमें राजनयिक, राजनीतिक हस्तियां, पूर्व कप्तान और खिलाड़ी शामिल होंगे।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को दो बड़े टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मान और सराहना देना है। सूत्र ने कहा कि दोनों बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने पर खिलाड़ियों को कुछ आर्थिक पुरस्कार भी मिल सकता है।पाकिस्तान संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप का फाइनल श्रीलंका से हार गया था और फिर इस महीने की शुरुआत में मेलबर्न में टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड ने उसे शिकस्त दी थी। पिछले साल भी पाकिस्तान टीम दुबई में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।सूत्र ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष पहले ही बाबर और मुख्य कोच सकलेन मुश्ताक से मिल चुके हैं और उनके साथ इन दोनों बड़े टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा कर चुके है। इस सूत्र ने बताया, रमीज (राजा) ने इस बात की सराहना की कि टीम ने दो बड़े फाइनल में जगह बनाई लेकिन यह कहा कि खिलाड़ियों को सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अब भी कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा।



महिला ने सांप को चप्पल फेंककर मारी, वह चप्पल लेकर ही भाग गया सांप को देखते ही लोगों को सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। लेकिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपकी हंसी छूट जाएगी! दरअसल, एक सांप को अपनी तरफ आता देख महिला ने उसे चप्पल फेंककर मारी, जिसके बाद सांप ने चप्पल को मुंह में दबाया और भाग निकाला। भागने के दौरान उसका फन हवा में था और चप्पल मुंह में। यह नजारा देखकर तमाम यूजर हक्के-बक्के रह गए।यह वीडियो एक आईएफएस अधिकारी ने ट्विटर पर शेयर किया, जिसके बाद क्लिप वायरल हो गया। फिलहाल, इसकी पुष्टी नहीं हुई है कि वीडियो कब और कहां का है।



आवास पर मा,ठाकुर जयवीर सिँह केबिनेट मंत्री जी के बड़े पुत्र मा अतुल प्रताप जी अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जी का आगमन हुआ . साथ मे रहे माखन राजपूत , नारायण राजपूत , अजीत श्री वास्तव, सूरज राजपूत, वीरेश श्री वास्तव राम लखन राजपूत, नारायण राजपूत , योगेश राजपूत, व अनेक लोग मौजूद रहे.

आपका सुमित श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय नाई महासभा मैनपुरी उत्तर प्रदेश
जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासभा, मैनपुरी उत्तर प्रदेश
8445527608.9557482679

# भागमभाग भरी जिंदगी में पिकनिक जरूरी :अरुणिमा

## आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने पर्यटन स्थल कोरी डेम में मनाई पिकनिक

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने पर्यटन स्थल कोरी डेम में पिकनिक का आनंद उठाया। सभी सदस्यों ने वहाँ स्वादिष्ट भोजन बनाया और खेलकूद ,नाच गाने का मजा लिया। सभी सदस्यों ने कहा प्रकृति की सैर करना पिकनिक के सबसे रोमांचक हिस्से का समय था। यह बेहद सुखद, मनोरंजक और ज्ञान से परिपूर्ण था। आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी की सचिव अरुणिमा मिश्रा ने बताया कि सदस्यों के साथ एक लीडर की तरह मेरी जिम्मेदारी थी। कड़ाके की ठंड में यह पिकनिक





सभी को रोमांचित कर गया। पिकनिक का आनंद शब्दों में बयान कर पाना मुश्किल है । अरुणिमा ने कहा कि निरंतर के कामों से मन ऊब जाता है इसलिए जीवन में मनोरंजन आवश्यक है और पिकनिक से बड़ा मनोरंजन कुछ हो भी नहीं सकता। कार्यक्रम में आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नितिन त्रिपाठी, मुरारी धीवर, हिमांशु कश्यप, गोविंद राय, आकृति और संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

# संगठित होकर ही नाई जाति का विकास सम्भव - बैधनाथ ठाकुर

**बेगूसराय।** भारतीय नाई समाज जिला कमिटी की बैठक कोंग्रस भवन बलिया में सम्पन हुई। बैठक कार्यकारी




अध्यक्ष बैधनाथ ठाकुर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी पाण्डव कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर, जिला संयोजक रामशंकर ठाकुर, जिलाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, मार्गदर्शक रामबालक ठाकुर, सचिव रंजीत ठाकुर, कौशाध्यक्ष रंजीत ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं जननायक कपूरी ठाकुर के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन सचिव रंजीत ठाकुर ने किया।

असफीं ठाकुर, ललन ठाकुर, संजीव ठाकुर,रामलग्न ठाकुर,रंजीत ठाकुर, विजय ठाकुर, बब्लू ठाकुर,रंजन देवी, देव नंदन ठाकुर,मिथलेश कुमार,इंद्रदेव ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर,कुंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

साथ ही बैठक राष्ट्रीय जनता दल द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार ठाकुर जी को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत करने पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# राजस्थानी सैन परगति मंडल मुम्बई का 39 वा दिपावली स्नेह सम्मेलन 13.11.22 समपन्न हुवा

इस आयोजन में मुंबई सहित आस पास के समाज बंधु पधारे. संकरलालजी महाराज झोपड़ी वाले बालाजी जोधपुर के सानिध्य में संपन हुवा . जयपुर से ओबीसी मोर्चा बीजेपी के महा सचिव सुनील जी गेहलोत और विमल जी भाटी डूंगरगढ़ रेखा जी परिहार बाली पाली कंचन जी सैन पुष्कर संस्था के अध्यक्ष सरवन जी गोयल संस्था के उपाध्यक्ष सांवलाराम जी परमार कोषाध्यक्ष दिनेश जी खुरदुरा सचिव श्री चेतन टांक सांस्कृतिक मंत्री विनोद के कलोया और युवा टीम में लाल चंद जी वर्मा महेश कालो या अशोक वर्मा मनोज वर्मा दीपक वर्मा मालेश्याम संभरिया सोनू गोठड़िया विनोद संभरिया विकाश संखवाया दीपक विनोद जी वर्मा दिनेशजी भाटी अरणय सचिन पवार सरवन परमार सुशील कलोया रवि खुरदरा प्रेम बिरजेश देविका निर्मला और सभी कार्यकताओं ने मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनया 1500 के पास संख्या थी मंच संचालन बजरंग रेनीवाल ने किया






# लातूर में गन्ने का ट्रैक्टर डीजल टैंकर से टकराया, 7 वाहन जलकर खाक

**लातूर :** लातूर में सात वाहन आग के हवाले हो गए हैं। लातूर से उदगीर जा रहे डीजल टैंकर को गन्ने के ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे डीजल टैंकर में आग लग गई। इस आग से सात वाहन जलकर खाक हो गए। घायलों के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। आग लगने की सूचना मिलते ही जिले की पांच पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई और लातूर उदगीर मार्ग पर यातायात अवरूद्ध कर



दिया गया। लातूर से उदगीर जाने वाले वाहन का रूट बदल दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 361 के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके चलते संकरी सड़क से ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया है। जगह की कमी के कारण एक के बाद एक वाहन आग की चपेट में आ गए। गन्ना ले जाने वाला ट्रैक्टर, एक डीजल टैंकर, दो कारें, कपास का परिवहन करने वाला एक बड़ा ट्रक, एक एसटी बस और बिना हेड ट्रॉली वाला ट्रैक्टर जल गया। आग इतनी भीषण थी कि आग बुझाने के दौरान दमकल की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।




26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष विमलेश कुमार मौलिक अधिकार पार्टी वाराणसी ने संविधान के भिन्न भिन्न बिंदुओं पर महामहिम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जिसकी प्रति प्रेषित की जा रही है



भारतीय नाई समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश ठाकुर जी के पुत्र डॉ सर्वोदय व पुत्र बधु स्वागत भोज में उपस्थित उमेश ठाकुर,जिला परिसद सदस्या प्रियदर्शना सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बैधनाथ ठाकुर, जिलाध्यक्ष श्रवण ठाकुर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी पाण्डव कुमार, युवा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन,युवा कोषाध्यक्ष शभू ठाकुर, रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति केंदीय संयोजक सुभाष चंद्र जोशी, राष्ट्रीय पचपौनिया विकास संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, उपाध्यक्ष रंजन ठाकुर, ठाकुर एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष पंकज ठाकुर, जिलाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, समाजसेवी सह गायिका चम्पा राय, तितली भारती, मधुबाला देवी, इशरत जी, सतीश आनंद, किरनदेव यादव सहित अविनाश व सिद्धांत व अन्य साथी।




**प्रदेश में गत वर्षों की भांति ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन द्वारा 24 वा राज्य अधिवेशन मिलक रामपुर में आयोजित होने जा रहा है जिसमें आप सभी सजातीय बंधु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहयोग अवश्य दें।**

**आपका भाई**
**अमर नन्द श्रीवास्तव,**
**ऑल इंडिया महापद्मनंद एजुकेटेड एसोसिएशन**
**जिला अध्यक्ष बरेली**



**उत्तर प्रदेश के #उपमुख्यमंत्री ने नंदवंशी सविता समाज से मागी माफी और वीडियो अपनी स्वीकृति से वीडियो भी बनवाई.**


**सभी मेरे छोटे बड़े भाई एवं सम्मानित बुजर्गों की एकता रंग लाई #उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने आगरा प्रोग्राम के दौरान समाज के लोगो के बीच #माफी मांगी और #वीडियो बनाने की अनुमति भी दी हमारा समाज एक जुट है ये बहुत बड़ा उदाहरण है.**

**सुमित श्री वास्तव**
**जिला अध्यक्ष**
**राष्ट्रीय नाई महासभा मैनपुरी**
**जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ मैनपुरी**
**8445527608.9557482679**

# वैज्ञानिक नवदंपत्ति पर अभिनंदनों का वर्षाव

**मुंबई-** पुर्व महापौर स्व.आर. आर.सिंह के पौत्र एवम डॉ आर आर सिंह- श्रीमती मंगला सिंह के सुपुत्र अमेरिका में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत डॉ रोहित सिंह का शुभ विवाह ईरान मूल की अमेरिकन नागरिक वैज्ञानिक डॉ नेगार के साथ हिंदुस्तानी रिती रिवाज के साथ आर आर एजुकेशनल ट्रस्ट हाल, म्हाडा,मुलुंड पूर्व, मुंबई पर धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नवी मुंबई के पुलिस कमिश्नर बिपीन कुमार सिंह, कृपाशंकर सिंह (पुर्व मंत्री),संजय पाटील (पुर्व सांसद),श्रीकांत मिश्रा (को आर्डिनेटर-ए.आई.सी.सी.), के तिवारी,प्रकाश गंगाधरे,समिता कांबले,नंदु वैती,सुनंदापाटील,मोहन तिवारी (पुर्व नगरसेवक),पल्लवी पाटील, राजोल संजय पाटील,डॉ. डी. पी.शर्मा( ब्रांड एम्बेसेडर पी एम







शिशिर शिंदे,मधु चव्हाण, वीरेंद्रबक्षी (पुर्व विधायक),गणेश कुमार यादव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुंबई कांग्रेस), कु.अनिता सिंह (आई ए एस), बी ओ स्वच्छता अभियान),एड.एम. एन. देशमुख,डॉ बाबुलाल सिंह पटेल,रामु वर्मा,हरीश वर्मा,बिरजु मुंदडा,जयवंत लोखंडे ने उपस्थित होकर शुभ आशिर्वाद प्रदान किया। नववधु के माता पिता श्रीमती जाहरा नासिर सिराज,रिश्तेदार नेडा, नजला, नक्षा, नजमेह, नुसीन सिराज ने भी नव दंपत्ति को आशिर्वाद प्रदान किया। प्रशांत सिंह, मनीष सिंह,इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मुंबई के समाजसेवी डॉ हरीश सिंह,डॉ अभिजीत सावले,बापु खराडे, दिनेश जायसवाल (उद्योग पति), डॉ दीपक सिंह, डॉ.सचिन सिंह, डॉ गिरीश सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, डॉ एल आर तन्ना,डॉ आर पी वर्मा,रत्नेश सिंह, कुमार नायर,बिल्डर सनत जोशी,नलिन ठक्कर,हरीश सावला,प्रकाश वाघ,राजुकेतकर, प्रमोद धुरी,जगदीश शेट्टी,बाबा भगत, पत्रकार सुकृत खांडेकर,सुभाष शाह, अनिल शुक्ला,वसंत पुराणी,अनिल गलगली,बिपीन पांचाल, एड.ओ.पी. सिंह, एड कुंवर सिंह, एड संतोष

चुनार मिजार्पुर से पधारे बिजेंद्र सिंह प्रधान, सीबी सिंह, डॉ यशवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, दीनानाथ सिंह, सुभाष सिंह, विक्रांत सिंह, दूबे, अशोक गांगुर्डे,अजित रणदिवे, प्रभाकर कांबले,प्रदीप गांगुर्डे ने नव दंपति को आशिर्वाद एवम शुभ कामनायें प्रदान किया।

# अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा ने भगतसिंह कोश्यारी एवं सुधांशु त्रिवेदी पर कार्यवाही की मांग की

**मुंबई-** महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री भगतसिंह कोश्यारी ने अपने पद की मयार्दा के प्रतिकूल छत्रपति शिवाजी महाराज की गरिमा के खिलाफ बेहद निम्न स्तरीय बातें कही। वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की शान में कसीदे पढ़ते पढ़ते छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान कर बैठे। जो अत्यंत निन्दाजनक है। भगतसिंह कोश्यारी के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी एक टीवी चैनल डिबेट में छत्रपति शिवाजी के लिए अत्यंत अपमानजनक व तथ्यहीन बातें कहीं जो शिवराय को देवता मानने वालों के लिए कदापि बर्दाश्त नही। छत्रपति शिवाजी महाराज एक स्वाभीमानी योद्धा थे। सावरकर के बचाव में सुधांशु त्रिवेदी ने उनकी तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से किया। जो कि बहुत ही अपमानजनक, तथ्यहीन एवं समूचे राष्ट्रवादी विचार धारा के समर्थकों को अपमानित, आक्रोशित और आंदोलित करने वाला है। इस संदर्भ में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की एक बैठक मुम्बई में हुई। बैठक में इस विषय पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ यू पी सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एन के सिंह, महराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमर बहादुर पटेल, महासचिव पी के कटियार, महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज से सुभाषचन्द्र सिंह, प्रो मार्कण्डे सिंह आदि ने भाग लिया।

मीटिंग के अंत मे राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति इतने निचले स्तर पर आ चुकी है कि छुटभैये से लेकर बड़े नेता तक छुद्र स्वार्थ के लिए भाषा एवं शब्दों की मयार्दा खोते जा रहे हैं। महापुरुषों को अपमानित करने का तो जैसे रिवाज से बन गया है। डॉ सिंह ने इस प्रवृत्ति पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि महासभा भगतसिंह कोश्यारी और सुधांशु त्रिवेदी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के मान सम्मान और गरिमा को चोट पहुचाने बयानों की निंदा करते हुए तत्काल माफी की मांग करता है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**प्रयागराज,** ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC) महरछा, जंघई, प्रयागराज संचालित श्री राजबली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समारोह दिनांक 26 एवम् 27 नवम्बर 2022 को संस्था के प्रबंधक श्री सौरभ उमेश प्रताप सिंह जी की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न।

ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, हंडिया प्रयागराज उत्तर प्रदेश के सभी छात्र एवम छात्राओं ने बड़े ही जोश एवम उत्साह के साथ खेल कूद में भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र एवम् ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, जंघई बाजार, हंडिया, प्रयागराज के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के प्रोत्साह -नार्थ एवम् उत्साहवर्धन हेतु संस्था की ट्रस्टी -श्रीमती सुप्रिया सिंह मुख्य अतिथि, श्री अखलेशचंद्र पाण्डेय प्राचार्य आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड रिसर्च प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रिंसिपल -श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी -श्री आशुतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में स्पोर्ट्स शिक्षक करांटे चैंपियन- श्री. प्रशांत चौधरी के कुशल निर्देशन में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) सभी शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं व ऑफिस स्टॉफ और सपोर्टिंग स्टॉफ ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया।







वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को सफल हेतु को विद्यालय परिवार के सभी सद्स्यों को संस्था के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह के द्वारा हार्दिक बधाई एवम् ढेरों शुभकामनाएं।



उमेश प्रताप सिंह
(चेयरमैन)
श्री राज बली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित
1. ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC) महरछा, जंघई, प्रयागराज
2. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
3. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (D.El. Ed.कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
4. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज
संपर्क कार्यालय
महरछा, जंघई, प्रयागराज

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com